सेंट मारग्रेट सी ॰ सै ॰ स्कूल

समय -2घंटे तीस मिनट **प्रतिदर्श प्रश्न पत्र अर्धवार्षिक परीक्षा वर्ष -** 2023 **-**24 अंक -60

कक्षा -7 विषय -हिंदी

**सामान्य निर्देश :- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :-**

इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं अ और ब|

दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है**|**

**(खंड -अ) <u>बहुविकल्पीय प्रश्न</u>**

**प्रश्न -1निम्नलिखित प्रश्नों के उतर विकल्प में से चुनिए :--** 1x15 **=** 15

1 किसी व्यक्ति वस्तु स्थान जाति या भाव के नाम को -------- कहते हैं

(क) क्रिया (ख) काल (ग) सर्वनाम (घ) संज्ञा

2 युवक शब्द की भाववाचक संज्ञा चुनिए :-

(क) युवती (ख) यौवन (ग) युवा (घ) इनमे से कोई नहीं

3 तत्सम शब्द चुनिए |

(क) कान (ख) दूध (ग) पुस्तक (घ) जल

4 इनमें से देशज शब्द क्या नहीं है :-

(क) जूता (ख) पगड़ी (ग) डिबिया (घ) रात

5 'में पर' विभक्ति चिह्न हेतु कारक चुनिए :-

(क) अधिकरण (ख) कर्म (ग) संमंध (घ) संबोधन

6 कारक के कितने भेद हैं :-

(क) दस (ख) आठ (ग) दो (घ) चार

7 ( ? ) चिह्न किस नाम से जाना जाता है :-

(क) अल्प विराम (ख) पूर्ण विराम (ग) प्रश्न सूचक (घ) विराम

8 दोपहर के बाद का समय क्या कहलाता है?

(क) शाम (ख) अपराह्न (ग) दोपहरी (घ) इनमें से कोई नहीं

9 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- जिसका कोई शत्रु न हो |

(क) मित्र (ख) अजातशत्रु (ग) साथी (घ) इनमें से कोई नहीं

10 'अंधकार' शब्द हेतु सही विलोम शब्द चुनिए :-

(क) अंधेरा (ख) प्रकाश (ग) अंधियारा (घ) उज्ज्वल

11 रेखांकित शब्द हेतु उचित विलोम शब्द चुनिए :- समुद्र मंथन में <u>अमृत</u> के साथ-साथ **-** भी निकला |

(क) दूध (ख) शहद (ग) विष (घ) कोई नहीं

**12** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द चुनिए |

(क) ग्रहकार्य (ख) गृहकार्य (ग) गहकार्य (घ) ग्रीहकार्य

13 तोतो चान पुस्तक मूलतः किस भाषा में लिखी गई है?

(क) पंजाबी (ख) जापानी (ग) अंग्रेज़ी (घ) फ़ारसी

14 'उल्लास' शब्द का सही अर्थ चुनिए :-

(क) उत्साह (ख) ख़ुशी (ग) इनमें से कोई नहीं (घ) अंत

15 रिक्त स्थान हेतु उचित शब्द चुनिए ---

लाल ताऊ सबकी -------- का सही समाधान देते थे |

(क) समस्याओं (ख) खाने (ग) कहानी (घ) इनमें से कोई नहीं

**(खंड - ख)**

**प्रश्न 2 नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं | गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

**(अपठित गद्यांश -1)**

त्योहारों का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्त्व है। त्योहार हमारे अंदर एक नई उमंग, नई चेतना तथा उत्साह का संचार करते हैं। त्योहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जाते हों, किसी ऐतिहासिक पौराणिक घटना-प्रसंग को स्मरण करने अथवा उससे खलिहानों को भरने की खुशी में मनाए जाते हों, वे देश की एकता और अखंडता को मजबूत करते हैं। संपूर्ण मानव जाति को प्यार से रहने का संदेश देते हैं। वे मनुष्यों में हर्ष और खुशी की लहर पैदा करते हैं। बहुत-से त्योहार ऋतु के आने का संदेश लाते हैं। कई त्योहार मौसम बदलने की सूचना देते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि हर त्योहार अपने आप में संपूर्णता का परिचालक हैं। बिछड़े लोगों को मिलाना, झगड़ों को मिटाना एक होकर रहना-से सब त्योहार ही करते हैं। राष्ट्रीय पर्व हमारे अंदर देशभक्ति की भावना पैदा करते हैं और हमें उन वीरों का स्मरण कराते हैं जिनके बलिदान के कारण आज हम स्वतंत्र हैं। हमारे अंदर त्याग और बलिदान की भावना जागृत करते हैं। धार्मिक पर्व हमें धर्म का मार्ग बताते हैं और ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था जगाते हैं। **1X5=5**

1. त्योहारों का जनमानस पर कैसा प्रभाव पड़ता है**?**

(क) खुश (ख) हर्ष (ग) उल्लास (घ) उपरोक्त सब

2. राष्ट्रीय त्योहार हमारे अंदर क्या पैदा करते हैं**?**

(क) जोश (ख) उमंग (ग) देशभक्ति (घ) हिम्मत

3. धार्मिक पर्व हमें किस ओर ले जाते हैं**?**

(क) देशभक्ति की ओर (ख) धर्म की ओर (ग) मेल-मिलाप की ओर (घ) प्रकृति की ओर

4. हर त्योहार अपने आप में ------- का परिचालक हैं।

(क) संपूर्णता (ख) देश-प्रेम की ओर (ग) संबंधियों की ओर (घ) प्रकृति

5. गद्यांश का उचित शीर्षक होगा-

(क) भारत के त्योहार (ख) त्योहार और हम (ग) त्योहारों का महत्त्व (घ) अलग-अलग त्योहार

**( अपठित गद्यांश )** **-** 2

विद्वान् लोग विद्यार्थियों की अनुशासनहीनता का मुख्य कारण माता-पिता की ढिलाई मानते है | माता पिता के संस्कार ही बच्चे पर पड़ते हैं| बच्चे की प्राथमिक पाठशाला घर होती है| घर का वातावरण ही

दोषपूर्ण है तो उसके संस्कार उन्नत कैसे हो सकते हैं? पहले तो प्यार के कारण माता-पिता बच्चों के खराब व्यवहार, शिष्टता और खराब भाषा की ओर ध्यान नहीं देते, किंतु जब हाथी के दाँत बाहर निकल आते हैं तो उन्हें चिंता होती है और वह विद्यालय और शिक्षकों की आलोचना करना आरंभ कर देते हैं| बच्चों के गलत व्यवहार और संस्कारों का एक कारण हमारी दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली भी है, जिसमें नैतिक या चारित्रिक शिक्षा का कोई स्थान नहीं है| पहले विद्यार्थी को दंड का भय बना रहता था, लेकिन अब शारीरिक दंड देना अपराध माना जाता है| पश्चिमी संगीत, नृत्य व चलचित्रों ने भी विद्यार्थियों को बहुत हानि पहुँचाई है| इनके कारण उनमें चारित्रिक दृढ़ता न रहकर उच्छृंखलता इस सीमा तक बढ़ गई है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान न दिया गया तो देश का भविष्य ही अंधकार पूर्ण हो सकता है|

1 बच्चे की प्राथमिक पाठशाला किसे कहा गया है? 1

2 शिक्षा प्रणाली को दोषपूर्ण क्यों कहा गया है? 2

3 समय रहते किस बात की तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है? 2

**प्रश्न -3 निम्नलिखित दोहों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियत न पान |

कहि रहीम परकाज हित, संपति- संचहिं सुजान ।

थोथे बादर क्वार के ज्यों रहीम घहरात |

धनी पुरुष निर्धन भए करे पाछिली बात ||

1 क्वार के बादलों को थोथा क्यों कहा गया है ? 2

2 अर्थ स्पष्ट करें -'कहि रहीम परकाज हित, संपति- संचहिं सुजान'। 2

3 पिछली बातों को कौन दोहराता रहता है? **1**

**प्रश्न - 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अंकों के आधार पर लिखिए:-**

**क -** 'कहानी पापा खो गए' में सबसे बुद्धिमान पात्र आपको कौन सा लगा और क्यों?

अपने विचार लिखिए| 3

ख **-** रोहिणी को मुरली वाले के स्वर से खिळौनेवाले का स्मरण क्यों हो आया ? 3

ग - यासुकी चान को अपने पेड़ पर चढाने के लिए तोतो चान ने अथक प्रयास क्यों किया ? 4

अथवा

कहानी 'मिठाईवाला' को पढ़कर क्या आपको यह अनुभूति हुई कि दूसरों को प्यार और खुशी देने से अपने मन का दुख कम हो जाता है? अपने विचार लिखिए |

**प्रश्न -5 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :-** **5**

1 विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम 2 कंप्यूटर आज की आवश्यकता 3 पेड़ पौधे और मानव जीवन

**प्रश्न -6 दादाजी / नानाजी को पत्र लिखते हुए अपने विदयालय के विषय में बताइए |** **5**

अथवा

**अपने अशोभनीय व्यवहार के लिए कक्षा अध्यापिका से क्षमायाचना करते हुए पत्र लिखिए |**

**प्रश्न -7 दिल्ली में फैले प्रदूषण की स्थिति पर चर्चा करते हुए माता -पिता से हुई बात-चीत को 80 -100 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए |** **5**

**प्रश्न - 8 निम्नांकित चित्र का वर्णन** 80-100 **शब्दों में कीजिए |** **5**

